# डरवाड़ में हल्दी के साथ साथ हरड़, भेड़ा एवं आम्बला आधारित लगेगा लघु उद्योग

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

राष्ट्रीय एवं ग्रामीण विकास बैक मंडी के जिला प्रबन्धक राकेश कुमार ने धर्मपुर विकास खण्ड की डरवाड़ ग्राम पँचायत में सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत नाबार्ड द्वारा महिलाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब यहां परहल्दी पाउडर के साथ साथ हरड़, भेड़ा और आम्बला आधारित कार्य भी किया जाएगा तथा गर्म मसालों की ग्रेडिंग और पैकिंग के कार्य को भी इसके साथ जोड़ा जाएगा जिसके लिए नाबार्ड सहयोग करेगा उन्होंने बताया कि घरवासड्डा के दो महिला स्वय सहायता समूहों और डरवाड़ गांव के किसान क्लबों के सदस्यों को इस बारे प्रशिक्षण दिया जायेगा और वित्तिय सहायता भी दी जायेगी। डीडीएम



ने कहा कि यहां पर जो चार साल पहले हल्दी पाउडर बनाने का जो लघु उद्योग लगा है इसे सफल करने के लिए किसानों को हल्दी उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है ताकि मांग को ध्यान में रखकर स्थानीय लोगों और दूसरे क्षेत्रों में ये जैविक प्रक्रिया से बना ये हल्दी पॉउडर उपलब्ध हो सके।उन्होंने कहा कि नाबार्ड इसकी मार्केटिंग के लिए भी मदद करता है और प्रेदेश और देश के स्तर पर मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से समूहों को अवसर प्रदान करता है। यही नहीं बिक्री के लिए रुरल मार्ट भी स्थापित किये गये हैं और जररूत के अनुसार यहाँ पर भी ये सुविधा उपलब्ध करवाई जा सकती है।इसके अलावा अगले वित्त वर्ष में हल्दी की उन्नत खेती के बारे शिक्षण भृमण भी आयोजित करवाया जायेगा।हल्दी सुखाने के लिए यन्त्र भी उपलब्ध कराने के लिए भी नाबार्ड मदद करेगा।

प्रशिक्षण मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के संस्थापक सदस्य व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने इस मौके पर कहा कि यहाँ पर किसानों ने एक सहकारी समिति भी पंजीकृत की है जिसके माध्यम से भी कृषि और बागवानी को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जायेगा।उन्होंने बताया कि अगले सीज? में ज्यादा से ज्यादा भूमि पर हल्दी की खेती करने के लिए कलस्टर तैयार किये जायेंगे और कृषि विभाग से हल्दी का बीज उपलब्ध कराने की भी मांग की जायेगी।उन्होंने बताया कि इस उद्योग को सुद्दढ़ करने के लिए स्थानीय विधायक से भी दो दिन पहले मांग की गई है। इसके अलावा यहां पर अदरक, आम और मधुमक्खी पालन तथा खजरे तथा टोर के पतों के उत्पाद बनाने का प्राधिक्षण भी महिला स्वयं सहायता समूहों को दिया जाये।कंचना माता और जय दुर्गे मां समूहों की प्रधान सरोजनी और विना विष्ट ने इस प्रकार के महिला फ्रेंडली प्रशिक्षणों के लिए नाबार्ड, साक्षरता समिति और पूर्व पार्षद भूपेंद्र सिंह का धन्यवाद किया।इस अवसर पर साक्षरता समिति के कार्यक्रम समन्वयक गजेंद्र शर्मा, रविन्द्र कुमार उप प्रधान नरेंद्र पठानिया वार्ड पंच यशवंत सिंह स्त्रोत व्यक्ति हेमराज गुलेरिया, सहित आदि उपस्थित रहे।

# हरोली में दो गुटों में जमकर हुई मारपीट, चली तलवारें

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना हरोली के स्थानीय बाजार में दो गुटों में मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मारपीट में चार युवक गंभीर रूप से घायल हुए है। जिन्हे उपचार के लिए हरोली अस्पताल ले जाया गया। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद क्रॉस केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में पहले पक्ष से सुनील कुमार निवासी पालकवाह ने बताया कि सोमवार को वह हरोली बाजार में अपने दोस्त अमरजीत व विशाल कुमार के साथ अपने बाईक की रिपेयर करवा रहा था। इस दौरान गुलशन, गोविंद, कुलदीप निवासी भदौड़ी, साहिल व कालू निवासी हरोली ने बाईक पर सवार होकर आए और इनके साथ गाली-गलौच व मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपी युवकों ने तेजधार हथियार से वार कर विशाल व अरूण कुमार को लहूलुहान कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से कुलदीप सिंह निवासी हरोली का आरोप है कि वह अपने दोस्त साहिल कुमार के साथ बाईक पर सवार होकर हरोली बाजार की तरफ आ रहे थे तभी विशाल उर्फ विशू, सुनील कुमार व अमरजीत ने हमारे साथ गाली-गालौच करना शुरू कर दिया, जैसे ही वहां से निकले तो समनाल में बंटू, अरूण कुमार, विशाल, सन्नी मैहरा, सौरव व मनी ने हमारे साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान अरूण कुमार ने तलवार से वार किया। जिससे बचाव करते हुए गुलशन को भी चोट लग गई। जिसका उपचार हरोली अस्पताल में करवाया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का ई-अपशिष्ट एकत्रीकरण अभियान आरंभ

**शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने गत दिवस को बोर्ड के मुख्यालय से मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर ई-अपशिष्ट एकत्रीकरण अभियान का शुभारंभ किया। यह वैन हिमाचल प्रदेश सचिवालय तथा शिमला शहर के अन्य भागों से ई-अपशिष्ट एकत्रित करेगी। उन्होंने कहा कि ई-अपशिष्ट के उचित निष्पादन की महत्ता के बारे में जागरूकता लाने तथा लोगों को इसके प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बोर्ड द्वारा उत्पादक उत्तरदायित्व संगठन मैसर्ज करो संभव के साथ संयुक्त तत्वावधान में 14 से 25 मार्च, 2023 तक ई-वेस्ट एकत्रीकरण एवं जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। मोबाइल वैन दो दिन यानी 14 तथा 15 मार्च, 2023 को हिमाचल प्रदेश सचिवालय में उपलब्ध रहेगी तथा इसके उपरांत 16 से 25 मार्च, 2023 के दौरान शिमला शहर के न्यू शिमला-विकासनगर बस स्टॉप, कसुम्पटी बस स्टॉप, देवनगर, हिमाचल प्रदेश सचिवालय, संजौली पार्किंग, भाकुफर जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी उपलब्ध रहेगी। यह अभियान ई-अपशिष्ट केयोस्क के बारे जागरूकता लाने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है। ई-अपशिष्ट में अनुपयोगी या निर्धारित अवधि पूर्ण कर चुके इलैक्ट्रॉनिक तथा इलेक्ट्रिक उपकरण शामिल हैं। इन उपकरणों में उपयोग किए जाने वाले विषैले पदार्थों के कारण उचित निष्पादन न किए जाने की स्थिति में ई.अपशिष्ट पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं।उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान एकत्रित किया गया यह अपशिष्ट वैज्ञानिक निष्पादन के लिए संबंधित स्थानों पर भेजा जाएगा जहां इसे विघटित कर पुनः उपयोग के काबिल बनाया जाएगा।

### मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 31 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने बताया कि 7 मार्च, 2023 को जिला मंडी की जिन पंचायतों में किसी कारण से आकस्मिक रिक्तियां हुई हैं के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में विशेष पुनर्निरीक्षण करवाने के लिए पहली जनवरी, 2023 को अहर्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूचियों को तैयार करने हेतु कार्यक्रम अधिसूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि 13 मार्च को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया जायेगा, जबकि 14 से 18 मार्च तक पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी के पास दावे व आक्षेप प्रस्तुत किए जा सकते हैं। पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा 23 मार्च को दावे व आक्षेप का निपटारा किया जायेगा। 27 मार्च तक जिला निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख अपील की जा सकती है जिसका निपटारा 29 मार्च तक कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 31 मार्च, 2023 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जायेगा।उन्होंने संबंधित पंचायतों के नागरिकों को सूचित किया है कि यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूचियों में नाम सम्मिलित करने हो या कोई दावा या आक्षेप हो तो संबंधित विकास खंड के पुनर्निरीक्षण अधिकारी, संबंधित पंचायत के सचिव से सम्पर्क कर सकते हैं। दावे व आक्षेप प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित प्रपत्र उपरोक्त कार्यालयों में निःशुल्क उपलब्ध होंगे।

### वीमेन्स टी 20 चैम्पियनशिप के दौरान वी 20 फैन फेस्ट में हिस्सा लें और हर मैच में आईफोन जीतने का मौका पाएं

**शिमला**: जाना-माना दूरसंचार सेवा प्रदाता वी भारत में वीमेन्स क्रिकेट टी20 चैम्पियनशिप के दौरान रोचक प्रतियोगिता का संचालन कर रहा है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को हर मैच के लिए एक आईफोन और कई आकर्षक उपहार जीतने का मौका मिलेगा।महिला क्रिकेट के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए वी प्रतिभागियों को ह्यवी 20 फैन फेस्ट प्रतियोगिताह्नमें हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।वी के उपभोक्ता इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर ढेरों उपहार जीत सकते हैं।वी 20 फैन फेस्ट में हिस्सा लेकर यूजर हर मैच के लिए एक आईफोन जीत सकते हैं और साथ ही कई अन्य आकर्षक उपहार जैसे-टैक गैजेट्स गोप्रोस, गिम्बल्स, ब्लूटुथ हैडफोन, ब्लूटुथ स्पीकर, पोर्टेबल स्टोरेज, ईयरपॉड्स और गिफ्ट वाउचर जीतने का मौका पा सकते हैं।वी 20 फैन फेस्ट कॉटेस्ट मैच के घण्टों के दौरान वी के सोशल मीडिया हैण्डल्स जैसे ट्विटर, इंस्टाग्राम,और फेसबुक पर लाईव रहेगी।प्रतिभागियों को हर दिन कुछ सामान्य ज्ञान के सवालों के जवाब देने होंगे और सही जवाब को हैशटैग वी 20 फैन फेस्ट के साथ कमेंट करना होगा।वी 20 फैन फेस्ट प्रतियोगिता के दौरान 50 भाग्यशाली विजेताओं को टेक गैजेट्स जीतने का मौका मिलेगा, वहीं 22 विजेता आईफोन जीत सकेंगे।प्रतियोगिता 26 मार्च 2023 तक वैद्य होगी।

# बंगाणा कॉलेज में रूस-युक्रेन युद्ध पर विशेष लेक्चर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में मंगलवार को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा समसामयिकी विषय पर आधारित स्पेशल लेक्चर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने की। कार्यक्रम का विषय रूस-यूक्रेन युद्ध का अंतरराष्ट्रीय राजनीति एव आर्थिक पहलू पर प्रभाव और आगे की राह पर आधारित था। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि रूस और यूकेन के बीच टकराव चरम पर है। पूरी दुनिया की निगाहें इस संकट पर टिकी हुई हैं। हथियार, प्रशिक्षण एवं सैनिक के रूप में यूक्रेन को नाटो से मिलने वाले सहयोग को रूस अपने लिए खतरा मानता है। रूस और यूक्रेन सोवियत संघ का हिस्सा थे। विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप के पास वर्तमान में कुछ समय के लिए गैस है और आने वाले दिनों में रशिया पर पूरी तरह निर्भर होना पड़ेगा। अगर इस युद्ध की स्थिति में रशिया गैस की आपूर्ति रोकता है तो यूरोप में हाहाकार मच जाएगा और इन देशों में आर्थिक संकट आयेगी। इसके जबाव में अमेरिका का क्या स्टेप होगा यह देखना काफी रोचक होगा।

# दो दिवसीय तीसरे संस्करण का शूलिनी लिटफेस्ट 17 मार्च से

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

प्रतिष्ठित शूलिनी लिटरेचर फेस्टिवल का तीसरा संस्करण 17 और 18 मार्च को हिमाचल प्रदेश में सोलन स्थित शूलिनी यूनिवर्सिटी के पिक्करक्यू कैंपस में आयोजित किया जाएगा।शूलिनी यूनिवर्सिटी कैंपस में फि क्शन, कविता, फि ल्म, फू ड और अन्य सहित विभिन्न शैलियों में अपने काम के बारे में बात करने के लिए लगभग 50 प्रतिष्ठित वक्ताओं की मेजबानी करने के लिए तैयार है। भारत के सबसे विपुल और लोकप्रिय लेखकों में से एक रस्किन बॉन्ड 17 मार्च को लिटफेस्ट में मुख्य भाषण देंगे। प्रमुख प्रवासी उपन्यासकार



चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी दूसरे दिन की मुख्य वक्ता होंगी। उनके उपन्यास, पैलेस ऑफ इल्यूजन और द लास्ट क्वीन शीर्ष पर बने हुए हैं और उनके नवीनतम उपन्यास का शीर्षक इंडिपेंडेंस है। भाग लेने वाले लेखकों में फिल्म निमार्ताओं और पत्रकारों में प्रसिद्ध नाटककार महेश दत्तानी, राज शेखर, तनु वेड्स मनु, वीरे दी वेडिंग और उरी जैसी फि ल्मों के कवि और गीतकार, छपाक और मार्गरीटा विद, स्ट्रॉ एप्रशंसित फि ल्मों के लिए पटकथा लेखक अतिका चौहान, जिन्हें भारत की अगाथा क्रिस्टी के रूप में जाना माना नाम मंजिरी प्रभु, डॉक्टर से फूड लेखिका बनी नंदिता अय्यरय प्रसिद्ध फिल्म इतिहासकार पवन झाय पत्रकार और लेखिका शुमा राहा, अंकित झांब और कॉपोरेट जगत के नेता जो लेखन से प्यार करते हैं ममता चंदर और अनुभवी हिंदी लेखक और पुरस्कार विजेता कवि चंदर त्रिखा के नाम शामिल हैं।लिटफेस्ट की तैयारी के प्रमुख डॉ. आशु खोसला ने कहा कि दो दिवसीय लिटफेस्ट में बुक साइनिंग, स्टोरी टेलिंग सेशन, राइटिंग कॉम्पिटीशन आदि जैसे कई अन्य कार्यक्रम मुख्य आकर्षण केंद्र होंगे। शाम को संगीतमय कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के बेनाम कलाकारों नामक युवा कलाकारों का एक बैंड पहले दिन कुछ फिल्मी और लोक संगीत के साथ दर्शकों का मनोरंजन करेगा।

# घटनाओं के कारणों का स्पष्ट पता लगाना संबंधित विभागों की जवाबदेही: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

करसोग क्षेत्र में आग लगने की घटना काफी बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में जंगलों सहित निजी मकानों, गौ-शालाओं, घर, दुकानें आदि जलने की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी है। आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न विभागों को आगे आ कर लोगों को जागरूक करने की दिशा में कदम आगे बढ़ाने होंगे, तभी ऐसी घटनाओं को कम किया जा सकता है। एसडीएम करसोग ओम कांत ठाकुर ने कहा कि पिछले एक माह में 10 से ज्यादा घटनायें आगजनी की सामने आ चुकी है। उन्होंने समस्त विभागों विशेषकर वन, विद्युत, अग्निशमन, पुलिस और बीडीओ, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों किसी भी प्राकृतिक या मानव-रचित आपदाओं से निपटने तथा बचाव कार्य के लिए तत्पर रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि घटनाओं के कारणों का स्पष्ट पता लगाना संबंधित विभाग और आवश्यकता होने पर विभिन्न विभागों की सामुहिक जवाबदेही भी है। उन्होंने कहा कि केवल मात्र घटना को रिपोर्ट कर देने से ही उनकी जवाबदेही कम नहीं हो जाती। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुनिश्चित उपाय, जागरूकता तथा मॉक ड्रिल इत्यादी समय-समय पर करते रहें। उन्होंने कहा कि पंचायतों में पंचायत प्रधान, वार्ड सदस्य तथा पंचायत सचिव के सहयोग से खंड विकास अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र में अग्नि, भूस्खलन, सडक हादसे जैसी घटनाओं से निपटने के लिए जागरूकता अभियान चलाकर मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को जागरूक करे ताकि आगजनी की घटनाओं को कम किया जा सके।

# मुबारिकपुर में पैदल जा रहे व्यक्ति से 2.57 ग्राम चिट्टा बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना अंब के तहत मुबारिकपुर में पुलिस ने पैदल जा रहे एक व्यक्ति से 2.57 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय कुमार निवासी अंब के रूप में हूई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अंब पुलिस की टीम देर रात को मुबारिकपुर में राहुल नर्सरी के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुबारिकपुर की तरफ पैदल जा रहे अजय कुमार को तलाशी लेने के लिए रोका।

# डॉ. संतोष मांटा जहां पढ़ी उसी सिस्टर निवेदिता गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज की होंगी प्रधानाचार्य

**शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने सोमवार को डॉ. संतोष मांटा को सिस्टर निवेदिता गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज का प्रधानाचार्य बनाया है। इससे पूर्व वह इस पद पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य को रूप मे कार्य कर रही थी ।आज प्रदेश सरकार ने इस बाबत आदेश जारी करते हुए उन्हें नर्सिंग कॉलेज का नियमित प्रधानाचार्य नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि सिस्टर निवेदिता गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज प्रदेश सरकार का सबसे बड़ा नर्सिंग कॉलेज है जहां बेसिक बीएससी, पोस्ट बेसिक बीएससी, एमएससी नर्सिंग सहित क्लिनिकल साईड के विभिन्न कोर्सिस पढ़ाए जाते हैं।

उनकी विभागीय पदोन्नति बैठक 27 फरवरी, 2023 को हुई थी जिसमें उन्हें सिस्टर निवेदिता गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य पद पर तैनाती देने की सिफारिश सरकार से की गई थी। जिस पर आज हिमाचल प्रदेश सरकार ने आदेश जारी कर दिए। डॉ. संतोष मांटा इससे पूर्व इसी कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्य कर रही थी जिन्हें अब प्रोफेसर कम प्रिंसिपल के पद पर तैनाती दी गई है। डॉक्टर संतोष मांटा



रोहडू तहसील के भमनोली गांव की रहने वाली है। उनका जन्म जिला शिमला के तहसील कोटखाई के क्यारी गांव में बागवान ध्यान सिंह शर्मा के घर में हुआ उनकी माता का नाम लीला देवी है। जबकि वह पूर्व कर्मचारी नेता रोशन लाल मांटा की पुत्रवधू है।

उनकी प्रारंभिक शिक्षा कोटखाई के क्यारी हाई स्कूल से हुई । जिसके बाद उन्होंने पहले आईजीएमसी स्थित नर्सिंग स्कूल से नर्सिंग डिप्लोमा किया और 5 साल तक अपनी सेवाएं कोटगढ़ हॉस्पिटल में दी।

जिसके बाद दीनदयाल अस्पताल में कार्य किया। उन्होने अपनी शिक्षा को आगे जारी रखते हुए पीजीआई से पोस्ट बेसिक डिग्री करते हुए बीएससी नर्सिंग की डिग्री हासिल की इसके बाद आईजीएमसी नर्सिंग स्कूल में बतौर नर्सिंग ट्यूटर पदोन्नत होकर अध्यापन का कार्य किया।

# शिमला में रेडक्लिफ लैब्स ने अत्याधुनिक लैब की शुरूआत की

**शिमला/चमन शर्मा**

रेडक्लिफ लैब्स एक प्रमुख ओमनी-चैनल पैन इंडिया डायग्नोस्टिक्स सेवा प्रदाता ने शिमला में विस्तार किया। रेडक्लिफ लैब्स ने अपनी अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक लैब मेपल हिल्स प्लाजा भट्टा कुफ्फ र शिमला में खोली यह कदम इस पहाड़ी राज्य के लोगों के दरवाजे पर विश्व स्तरीय निदान सेवाएं प्रदान करने के लिए कंपनी की रणनीतिक विस्तार योजनाओं के अनुरूप है। नई अत्याधुनिक लैब्स में अत्यधिक कुशल और योग्य मेडिकल टीम है लैब तकनीशियनों और वैज्ञानिक



अधिकारियों की एक अत्यधिक कुशल और योग्य टीम से भरी हुई है जिसकी देखरेख एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. शैलजा पुरी कर रही हैं। लैब में बायोकैमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी, इम्यूनोसैस, क्लिनिकल पैथोलॉजी, हार्मोन आदि सहित सभी क्लिनिकल प्रयोगशाला विभाग हैं। इस नई अत्याधुनिक लैब्स की सुविधा से शिमला और आसण्पास के क्षेत्रों के लोग दी जाने वाली गुणवत्ता नैदानिक सेवाओं से लाभान्वित होंगे। रेडक्लिफ ने उत्तरी क्षेत्र में 500 से अधिक कलेक्शन सेंटर्स खोले हैं।रेडक्लिफ लैब्स होम कलेक्शन की सुविधा भी दे रही है यह सुनिश्चित करते हुए कि सैम्पल्स समय के भीतर अच्छी तरह से एकत्र किए जाते हैं और उसके बाद सटीक परिणाम मिलते हैं। रेडक्लिफ लैब्स सस्ती कीमत पर अपनी उच्च गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक सेवाओं से जानी जाती है। टेस्ट वेबसाइट या मोबाइल ऐप के साथ-साथ वॉक-इन के माध्यम से ऑनलाइन बुक किए जा सकते हैं। रेडक्लिफ लैब्स के संस्थापक और एमडी धीरज जैन ने कहा कि शिमला और आस-पास में महत्वपूर्ण जगहों पर नई लैब खोलकर हम शहर के निवासियों को हाई क्वालिटी डायग्नोस्टिक्स प्रदान करने के अपने उद्देश्य के करीब पहुंच रहे हैं।इस तरह लोगों को डायग्नोस्टिक टेस्ट के लिए दूर के इलाकों या बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा न केवल हम शिमला के लोगों को बेहतर डायग्नोस्टिक सेवा उपलब्ध करा सकेंगे बल्कि उन्हें सटीक डायग्नोस्टिक सर्विस भी मुहैया करा सकेंगे।

# जिलाधीश ने पूजा-अर्चना व झंडा रस्म के साथ किया चैत्र मास मेलों का उदघाटन

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र मास मेले मंगलवार से आरंभ हो गए। हमीरपुर की जिलाधीश एवं बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास की आयुक्त देबश्वेता बनिक ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, हवन और झंडा रस्म के साथ चैत्र मास मेलों का शुभारंभ किया।जिलाधीश ने एसपी डॉ. आकृति शर्मा, एसडीएम बड़सर एवं बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष शशिपाल शर्मा, पूर्व विधायक मनजीत डोगरा, मंदिर के महंत राजेंद्र गिरि और अन्य गणमान्य लोगों के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना और हवन



किया तथा उसके बाद झंडा रस्म में भाग लिया। एक माह तक चलने वाले इन मेलों के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। झंडा रस्म और अन्य परंपराओं के निर्वहन के बाद जिलाधीश ने मंदिर परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मेलों के संचालन के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। देबश्वेता बनिक ने बताया कि चैत्र मास मेलों के दौरान बाबा बालक नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इस दौरान मंदिर को 24 घंटे खुला रखने का निर्णय लिया गया है। मंदिर परिसर में सुरक्षा, सफ ाई व्यवस्था, बिजली-पानी, चिकित्सा, लंगर, पार्किंग और अन्य सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। दियोटसिद्ध के आस-पास की सभी सडकों पर यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए भी पर्याप्त संख्या में पुलिस और होमगार्ड्स की तैनाती की गई है। इस अवसर पर जिलाधीश ने श्रद्धालुओं से भी बातचीत की और मंदिर परिसर में उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया।

# सांसद सेवा टीम ने रोड़ा में जांचे खांसी व बुखार के मरीज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

सांसद सेवा टीम हरोली के द्वारा गांव रोड़ा में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस अवसर पर डा. प्रदीप भटिया, रूचि, प्रीति व रोहित पर आधारित टीम ने 78 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। जांच के दौरान लगभग 50 लोग खांसी, जुकाम व फीवर से ग्रसित पाए गए। जिन्हे डा. प्रदीप भटिया द्वारा लोगों निशुल्क दवाईंया वितरित की गई। इस दौरान डा. प्रदीप भटिया ने लोगों को इन्फ्लुंएजा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इन्फ्लुएंजा के अधिकतर मरीजों में



बुखार, खांसी, गले में संक्रमण, बुखार, शरीर में दर्द, नाक से पानी आना जैसे लक्षण पाए जाते हैं। यह एक प्रकार का इन्फ्लूएंजा वायरस है। इससे बचाव के लिए निगरानी और एहतियाती उपायों की आवश्यकता है। इसके बचाव के लिए अपने हाथों नियामित रूप से साबुन व पानी से धोएं और खांसने व छींकते समय नाक और मुंह को ढक कर रखें।

सार्वजनिक स्थानों पर खुले में न थूकें। भीड़-भाड़ वाली जगह पर मास्क का प्रयोग करें।

